प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 16.04.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. संसद का तीन दिवसीय विशेष सत्र आज से शुरू, महिला आरक्षण लागू करने के लिए पेश होंगे तीन महत्वपूर्ण संशोधन विधेयक।
2. राज्य कैबिनेट ने 300 वर्ग फीट तक के अनधिकृत भवनों को नियमित करने के प्रस्ताव को दी मंजूरी, राज्य कर्मियों और पेंशनभोगियों के महंगाई भत्ते में 5 प्रतिशत की वृद्धि।
3. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के कोषागारों से हुई अवैध निकासी पर कार्रवाई के दिए निर्देश, कहा– चिन्हित किए गए दोषी।
4. राज्य के अधिकांश जिलों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी, मौसम विभाग ने दोपहर में घर से बाहर न निकलने की दी सलाह।
5. रांची के खेलगांव में वर्ल्ड स्कूल वॉलीबॉल चैंपियनशिप के लिए नेशनल ट्रायल जारी, देश भर के 67 खिलाड़ी दिखा रहे हैं दम।

****

संसद का तीन दिवसीय विशेष सत्र आज से शुरू हो रहा है। 18 अप्रैल तक चलने वाले इस सत्र में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लागू करने के लिए तीन महत्वपूर्ण संशोधन विधेयक पेश किए जाएंगे। इन संशोधनों का मुख्य उद्देश्य लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करना है।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने महिला आरक्षण और परिसीमन के मुद्दे पर अपनी राय रखी है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि महिलाओं को आरक्षण देना एक नीतिगत फैसला है, लेकिन इसे भविष्य में लोकसभा की सीटें 850 तक बढ़ाने की चर्चा से जोड़ना अलग विषय है।

****

देवघर में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर महिलाओं में अभूतपूर्व उत्साह देखा जा रहा है।

विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से नारी शक्ति के संदेश को जन–जन तक पहुँचाया जा रहा है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में कल 53 महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगी। कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने बैठक के बाद फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि सरकार ने राज्यकर्मियों के महंगाई भत्ते और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई राहत में बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है।

साउंड बाइट – वंदना दादेल ऑन कैबिनेट महंगाई – 22 सेकेंड

उन्होंने बताया कि सरकार अब राज्य के युवाओं को रोबोटिक फेस्टिवल के जरिए तकनीक का नया आसमान देने जा रही है। कैबिनेट ने फैसला लिया है कि इस फेस्टिवल में बेहतर प्रदर्शन करने वाली टीमों को 5 लाख रुपये तक का नकद इनाम मिलेगा। साथ ही, मध्यम वर्गीय परिवारों को बड़ी राहत देते हुए सरकार ने 300 वर्ग फीट तक के छोटे अनधिकृत मकानों को नियमित करने की योजना को भी हरी झंडी दे दी है।

****

राज्य के सरकारी खजाने से अवैध निकासी के मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कड़ा रुख अपनाया है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि मामले के संज्ञान में आते ही कार्रवाई शुरू कर दी गई है और गलत तरीके से निकासी करने वाले बिंदुओं को चिन्हित कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार इस मामले को बेहद गंभीरता से ले रही है और फिलहाल सभी संबंधित विभागों और ट्रेजरी में सघन जांच चल रही है।

****

रांची के रिम्स में जूनियर डॉक्टरों और मेडिकल छात्रों ने एकजुट होकर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। हाल ही में महिला डॉक्टर के साथ हुई दरिंदगी के खिलाफ प्रदर्शनकारियों ने काली पट्टी बांधकर अपना रोष जताया।

डॉक्टरों ने ओपीडी सेवाएं जारी रखते हुए दोषियों को कड़ी सजा और स्वास्थ्यकर्मियों की पुख्ता सुरक्षा की मांग की है।

****

गिरिडीह के गांडेय में विधायक कल्पना सोरेन ने 5 करोड़ की लागत से धनवंतरी होड़ोपैथी इको पार्क का उद्घाटन किया। 5 हेक्टेयर में फैले इस पार्क में 120 औषधीय पौधे लगाए गए हैं, जो पारंपरिक संथाली चिकित्सा को बढ़ावा देंगे। साथ ही, 49 लाख की लागत वाले स्मृति उद्यान का भी लोकार्पण किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रकृति की सुरक्षा से ही मानव जीवन सुरक्षित है।

****

सीबीएसई 10वीं में रांची की प्रण्या प्रिया ने 99 दशमलव 6 प्रतिशत अंक लाकर राज्य में टॉप किया है। रिम्स के डॉ. मनोज कुमार की सुपुत्री और डीपीएस रांची की छात्रा प्रण्या ने अपनी सफलता का श्रेय माता–पिता और शिक्षकों को दिया। उन्होंने कहा कि बिना दबाव के नियमित पढ़ाई और स्पष्ट कॉन्सेप्ट ही उनकी इस ऐतिहासिक जीत का मूल मंत्र है।

****

गुमला में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के निर्देश पर 23 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने बताया कि पोषण भी, पढ़ाई भी थीम के तहत बच्चों के विकास और शिक्षा पर जोर दिया जा रहा है। विस्तृत जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

****

राज्य में आज भी भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी रहेगा। मौसम विभाग ने पलामू, गढ़वा और लातेहार समेत कई जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। राज्य के अधिकांश हिस्सों में तापमान 40 डिग्री के पार जाने की संभावना है। दोपहर 12 से 4 बजे के बीच घर से बाहर न निकलने की सलाह दी गई है।

****

रांची के खेलगांव में वर्ल्ड स्कूल वॉलीबॉल चैंपियनशिप अंडर–18 के लिए राष्ट्रीय चयन ट्रायल शुरू हो गया है। एसजीएफआई के पदाधिकारियों की उपस्थिति में देश भर से आए 67 खिलाड़ी अपना कौशल दिखा रहे हैं। आज तक चलने वाली इस प्रक्रिया के माध्यम से उत्कृष्ट 23 खिलाड़ियों का चयन कोचिंग कैंप के लिए किया जाएगा।

****

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने राज्य कैबिनेट के फैसलों को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।
दैनिक भास्कर ने लिखा है– झारखंड में 7 लाख अनाधिकृत मकानों को राहत, जी प्लस टू भवन होंगे नियमित।
हिन्दुस्तान के शब्द हैं– मिसिर व असीम के दस्ते से मुठभेड़, इंस्पेक्टर समेत 5 जवान जख्मी।
प्रभात खबर सीबीएसई 10वीं के रिजल्ट पर लिखता है– मैथ्स में कंपीटेंसी बेस्ड सवालों ने अंक घटाये, बदले पैटर्न ने एसएसटी व साइंस में बेहतर परिणाम दिये।
दैनिक जागरण के अनुसार– जस्टिस अमिताभ गुप्ता होंगे झारखंड के नये लोकायुक्त।

********समाप्त********